**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 485**

**03 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पीएम मित्र पार्क**

**485. श्री दामोदर अग्रवाल:**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघ:**
**श्री रमेश अवस्थी:**
**श्री सुनील कुमार:**
**श्री गोपाल जी ठाकुर:**
**श्री अमरसिंग टिस्सो:**
**श्री टी. आर. बालू:**
**श्री बंटी विवेक साहू:**
**श्री शंकर लालवानी:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) केंद्रीय बजट 2021-22 में घोषित सात प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों के निर्माण और विकास की राज्यवार वर्तमान स्थिति क्या है और इनके लिए भूमि अधिग्रहण किस चरण में है, अवसंरचना निर्माण की स्थिति क्या है और परियोजना समय-सीमा क्या है;

(ख) दिसंबर 2025 तक पीएम मित्र पार्कों के निर्माण और विकास के लिए पार्कवार और राज्यवार स्वीकृत की गई और वास्तव में व्यय की गई निधि कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने पीएम मित्र पार्कों की योजना, कार्यान्वयन और स्थापना के भाग के रूप में निवेशकों, उद्योग संघों और राज्य सरकारों के साथ हितधारक परामर्श और समन्वय बैठकें आयोजित की हैं, यदि हाँ, तो ऐसे परामर्शों का ब्यौरा क्या है और उठाए गए मुद्दे और दिए गए आश्वासन क्या हैं;

(घ) क्या सरकार द्वारा महाराष्ट्र में, विशेषकर जलगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में या उसके आसपास, कोई पीएम मित्र पार्क प्रस्तावित या नियोजित किया गया है और यदि हाँ, तो निवेश, रोज़गार और क्षेत्रीय विकास के संदर्भ में वर्तमान स्थिति क्या है और अपेक्षित लाभ क्या हैं;

(ङ) तमिलनाडु के विरुधुनगर में प्रस्तावित टेक्सटाइल पार्क को कब तक आवश्यक स्वीकृति मिल जाएगी और इसका उद्घाटन कब तक होगा;

(च) क्या बिहार के वाल्मीकिनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पीएम मित्र पार्क के निर्माण के लिए कोई भूमि सर्वेक्षण किया गया था, यदि हाँ, तो उक्त पार्क का निर्माण न किए जाने के क्या कारण हैं;

(छ) क्या सरकार का बिहार के दरभंगा में पीएम मित्र पार्क बनाने का विचार है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ज) क्या सरकार का नए पीएम मित्र पार्क बनाने का विचार है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (घ):** सरकार ने 7 साइटों अर्थात् तमिलनाडु (विरुधुनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) में वर्ष 2027-28 तक सात वर्ष की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय से पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को अंतिम रूप दे दिया है। पीएम मित्र योजना से 3 लाख रोज़गार (1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष रोज़गार) सृजित होने की संभावना है, जिसमें प्रति पार्क 10,000 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश होगा। निवेश

आकर्षित करने और पार्कों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए, राज्यों, निवेशकों और संभावित पार्क डेवलपर्स सहित विभिन्न हितधारकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर 200 से अधिक परामर्श किए गए हैं।

इन पार्कों के गेट तक बाहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों द्वारा 2,160.17 करोड़ रुपये के अवसंरचना कार्यों की शुरुआत की गई है और अब तक 564.72 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और तेलंगाना के पीएम मित्र पार्कों के 7,145 करोड़ रुपये के डीपीआर प्रस्तावों को मंज़ूरी दे दी गई है। मध्य प्रदेश में, 24,175 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ 1,150 एकड़ ज़मीन आवंटित की गई है। तमिलनाडु में, 201 एकड़ ज़मीन के लिए अब तक 2,076 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के आवेदन प्राप्त हुए हैं। महाराष्ट्र में, ज़मीन आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जबकि तेलंगाना में, पहले से आवंटित 540 एकड़ ज़मीन में अब तक 3,862 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। पीएम मित्र योजना के विकास पूंजीगत सहायता के भाग के रूप में, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु प्रत्येक को 50 करोड़ रुपये की पहली किस्त मंज़ूर की गई है और महाराष्ट्र और तेलंगाना प्रत्येक को 30 करोड़ रुपये मंज़ूर किए गए हैं।

**(ङ):** पीएम मित्र पार्क, विरुधुनगर, तमिलनाडु के मामले में 100% ज़मीन अधिग्रहित कर ली गई है और पर्यावरण मंज़ूरी सहित आवश्यक मंज़ूरियाँ प्राप्त कर ली गई हैं। 1,894 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को मंज़ूरी दे दी गई है और 364 करोड़ रुपये के अवसंरचना कार्यों को आवंटित किया गया है। भूमि आवंटन नीति को मंज़ूरी मिलने के बाद, अब तक 2,076 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ 201 एकड़ ज़मीन के लिए आवेदन मिले हैं।

**(च) से (ज):** वर्तमान में, पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए कोई नया प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

***